हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

11 छात्रों को दसवीं के बाद उपलब्ध विकल्पों की दी जानकारी



12 बच्चों ने किया रामलीला का मंचन



## खबर संक्षेप



### डीसी ने अनाज मंडी का किया निरीक्षण

**झज्जर।** मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने मातनहेल अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में पहुंचे किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। आढ़तियों और किसानों ने विशेष रूप से बाजरा की खरीद प्रक्रिया को लेकर अपने अनुभव और व्यावहारिक कठिनाइयां उपायुक्त के समक्ष रखीं। किसानों ने बाजरा खरीद सहित विभिन्न विषयों पर अपनी राय दी। डीसी ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप फसलों की खरीद सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों और आढ़तियों को भरोसा दिलाया कि उनके विषयों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी रिमांड पर

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी माछरौली संदेश ने बताया कि जोगेंद्र निवासी अहरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जयसिंह निवासी अहरी जिला झज्जर के तौर पर की गई। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बीरबरख्ताबाद सैनियान के पंच को पद से हटाया

**बहादुरगढ़।** ग्राम पंचायत बीरबरख्ता बाद सैनीयान वार्ड-1 के पंच को उनके पद से हटा दिया गया है। पंच के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। एसडीएम बहादुरगढ़ को नियमित जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने हरियाणा पंचायत राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ये आदेश दिए हैं। आदेशों के अनुसार पंच के खिलाफ बहादुरगढ़ सदर थाना में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज है, जो नैतिक अधमता की श्रेणी के अंतर्गत आती है। जारी आदेश के अनुसार, आरोपी पंच ग्राम पंचायत की किसी भी कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे और न ही पंचायत की चल/अचल संपत्ति पर उनका कोई अधिकार रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ग्राम पंचायत की संपत्तियों का नियंत्रण और अधिकार सरपंच को सौंपा जाएगा।



# योगेश ने विश्व चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल, 42.49 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दो बार के पैरालंपिक मेडलिस्ट योगेश कथूनिया ने विश्व स्तर पर एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। बहादुरगढ़ के लाल योगेश ने दिल्ली में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के डिस्कस थ्रो एफ 56 इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। योगेश ने अपने दूसरे प्रयास में 42.49 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और एक बार फिर देश का गौरव बढ़ाया।

### डिस्कस थ्रो- देश का बढ़ाया गौरव

इस जीत के साथ ही योगेश ने विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार मेडल अपने नाम किया है। इससे पहले उन्होंने फ्रांस और जापान में सिल्वर जीते थे। मूलतः मांडोठी गांव के रहने वाले योगेश लंबे समय तक बहादुरगढ़ में बराही रोड पर भी रहे। उनके पिता कैप्टन ज्ञानचंद ने बेटे की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि योगेश आगे भी देश का नाम रोशन करता रहेगा। परिजन और खेल प्रेमियों ने उनकी जीत पर खुशी का इजहार किया। जीतकर लौटने पर योगेश का अभिनंदन किया जाएगा।

### दो बार के पैरालंपिक मेडलिस्ट

योगेश की प्रेरक कहानी भी लोगों के लिए मिसाल है। महज 9 साल की उम्र में उन्हें गिलियन-बैरे सिंड्रोम नामक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी हो गई थी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। साल 2017 में कॉलेज के दिनों में उन्होंने पैरा गेम्स में भाग लिया और तभी से उनकी चमक शुरू हुई। योगेश दो बार के पैरालंपिक मेडलिस्ट भी रह चुके हैं। सेक्टर-16 चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने भी अपने भाई योगेश की जीत पर खुशी जताई। खेल प्रेमियों का कहना है कि योगेश की इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कठिनाइयों के बावजूद दृढ़ संकल्प से हर सफलता मिल सकती है।

### जलभराव से कराह रहे बहादुरगढ़ में फिर से 'आफत की बारिश'

# महज डेढ़ घंटे में 62 एमएम बारिश, पूरा शहर पानी-पानी

शहर की सड़कों और गलियों में पानी भरसे से वाहन चालक भी परेशान दिखे

**सब्जी मंडी में ये नजारा ...**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दुर्गाष्टमी के दिन बहादुरगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ली। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई झमाझम बारिश डेढ़ बजे तक लगातार होती रही। महज डेढ़ घंटे में करीब 62 एमएम पानी बरस गया, जिससे शहर की सड़कों और गलियों में पानी भर गया। लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज बारिश के चलते झज्जर रोड सहित कई मुख्य मार्गों पर यातायात प्रभावित हो गया।

मांडोठी बाजार, विकास नगर, बाग वाला मोहल्ला, विवेकानंद नगर समेत कई कॉलोनियों में पानी जमा हो गया। बरसात के बाद भी कई घंटे तक पानी खड़ा रहा, जिससे निकासी के दावों की पोल खुलती नजर आई। वहीं, हाल ही में बाढ़ जैसे हालात झेल चुके छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर के निवासियों की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गईं। लोगों के घरों में पानी भर गया।

### जलभराव की पीड़ा सह रहे छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर में हालत बिगड़े

बता दें कि सितंबर माह की शुरुआत में हुई बारिश तथा ड्रेन ओवरफ्लो के बाद बिगड़े हालातों से छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर ठीक से उबरे भी नहीं हैं कि अब फिर से तेज बारिश हो गई। वहीं, सब्जी मंडी में भी पानी भर गया, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को दिक्कतें हुईं। हालांकि बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत जरूर मिली।



**बहादुरगढ़।** बरसात के बीच अपनी मां के संग जाती बच्चियां।

**युवक घायलः** पुलिस के कुछ कर्मचारी बिना वर्दी के थे, लोकल पुलिस सभी को थाने ले गई

# राजस्थान पुलिस का युवक को उठाने का प्रयास, हंगामा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को गुरुग्राम मार्ग पर लघुसचिवालय के सामने उस समय हंगामा हो गया, जब राजस्थान पुलिस की टीम एक युवक को जबरदस्ती उठाने लगी। युवक द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। एकाएक काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और सूचना स्थानीय पुलिस को दी। लोगों का कहना है कि सादे कपड़ों में और राजस्थान पुलिस की वर्दी पहने कुछ लोग एक युवक को उठाने की कोशिश कर रहे थे।

### भीड़ ने युवक को पुलिस से छुड़वाया

युवक उसको उठाने का कारण भी पूछ रहा था, मौके पर एकत्रित भीड़ ने युवक को छुड़वाया। बाद में स्थानीय पुलिस ने युवक और पकड़ने वाले लोगों को अपने साथ ले गई। हालांकि इस बारे में अभी तक कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# विदेशी के बजाय देसी डॉग्स के पालने का क्रेज

**बहादुरगढ़।** मौजूदा दौर में विदेशी नस्ल के कुत्तों को पालने का चलन बढ़ रहा है, लेकिन देखभाल न हो पाने पर कई बार ये पालतू कुत्ते अनाथ बनाकर छोड़ दिए जाते हैं। अक्सर ये सड़कों पर भटकते देखे जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ देशी डॉग्स भी मजबूरी में सड़कों पर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि लोग विदेशी कुत्ते की बजाय देसी डॉग को अपनाए, तो न सिर्फ मासूम जीवों का जीवन बच सकता है, बल्कि डॉग बाइट्स जैसी दुर्घटनाएं भी कम होंगी।

### बेसहारा डॉग को किया अॅडाप्ट



ऐसा ही उदाहरण पेश किया है सेक्टर-7 के निवासी जयंत यादव ने। सीए की पढ़ाई कर रहे जयंत ने ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन पर कुछ बेसहारा पिल्लों को देखा, जिनकी मां दिव्यांग है। जयंत ने उनमें से एक पिल्ले को अपना लिया। विशेषज्ञ एवं जीवप्रेमी मंजीत सहरावत ने कहा कि देशी डॉग्स मौसम और वातावरण के अनुसार ढल जाते हैं, कम बीमार पड़ते हैं। इनके अपनाने से सड़कों पर बेसहारा कुत्तों की संख्या घटेगी और डॉग बाइट्स के केसों में भी कमी आएगी। वहीं, विदेशी नस्ल के कुत्तों की बढ़ती मांग ने क्रूर ब्रीडिंग इंडस्ट्री को जन्म दिया है, जिसमें मादाओं से जबरदस्ती पिल्ले पैदा कराए जाते हैं। ये डॉग्स हमारे वातावरण में ढल नहीं पाते और अक्सर स्वभाव में परेशानी रखते हैं। देशी डॉग्स की हम गली में भी देखरेख करें तो भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

### नगर परिषद ने राव तुलाराम पार्क के बदहाल हिस्से की ली सुध

# जेसीबी से उठाया पार्क का कूड़ा, अब पौधे लगाए जाएंगे




**बहादुरगढ़।** झज्जर चुंगी के निकट स्थित शहीद राव तुलाराम पार्क के बदहाल पड़े हिस्से पर नगर परिषद ने आखिरकार ध्यान दे दिया है। इस हिस्से की साफ सफाई कर यहां हरियाली विकसित की जाएगी, ताकि पार्क की सुंदरता बढ़े और लोगों को लाभ मिल सके। मंगलवार को अधिकारियों की टीम पार्क में पहुंची और साफ सफाई कार्य शुरू करा दिया। दरअसल, पार्क के पिछले काफी हिस्से पर लंबे समय से गंदगी भरे हालात थे। यहां कूड़ा कचरा डालने के साथ साथ लोगों द्वारा ईंधन तथा मलबा आदि डाला गया था।

### किसी न बाधा डाली तो कड़ी कार्रवाई : एमई

एमई जोगेंद्र सिंधु का कहना है कि पार्क के काफी हिस्से पर काम बाकी है। यहां गंदगी की भरमार थी। इसलिए सफाई शुरू करा दी है। पूरे पार्क परिसर को हराभरा किया जाएगा ताकि लोगों को लाभ मिल सके। यदि इस काम में कोई बाधा डालता है तो कार्रवाई की जाएगी।इससे पहले मंगलवार को एमई जोगेंद्र सिंधु सहित नगर परिषद के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। इसके बाद जेसीबी के जरिये साफ सफाई शुरू कराई गई।


### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, पूरा मेला परिसर रहा सीसीटीवी की जद में

शांतिपूर्वक मेला संपन्न होने पर जिला प्रशासन ने ली राहत की सांस

# हजारों श्रद्धालुओं ने किए माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन, मां के जयकारों से गूंजता रहा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने का जो सिलसिला सोमवार सांय से शुरू हुआ वह मंगलवार को अष्टमी के दिन दोपहर तक जारी रहा। मां के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं ने बिना किसी परेशानी को महसूस किए मां के दर्शनों के लिए घंटों इंतजार करते हुए माता के दर्शन किए और अपने परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की। अष्टमी पर बाहर के मंदिर में जब मां की प्रतिमा लाई गई तो पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। मां के अंदर के मंदिर से बाहर के मंदिर में प्रतिमा लाने की जिम्मेदारी कड़ी सुरक्षा के साथ निभाई गई। पूरे रास्ते में मां के जयकारे गूंजते रहे। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



### विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

अष्टमी पर्व पर दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां भीमेश्वरी देवी के दरबार मे माथा टेककर मन्नतें मांगी वहीं नवविवाहित जोड़ों ने माता के दरबार में गठजोड़े की जात दी। लोगों ने अपने नवजात बच्चों का मुंडन भी करवाया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं की दृष्टि से बेरी मेले को विभिन्न क्षेत्रों में बांटा गया था। बरसों से चली आ रही परंपरानुसार अष्टमी के दिन मां भीमेश्वरी देवी को सुबह मां दो बजे बाहर वाले मंदिर मे लाया गया। अष्टमी के लिए मंदिर के पुजारी ने मत्रोच्चारण के बीच मंगला आरती करवाई।

### मानवता का धर्म भी निभाते नजर आए पुलिसकर्मी



*झज्जर। नवरात्र मेले में पुलिस के कर्मचारी ड्यूटी के साथ-साथ मानवता का धर्म भी निभाते हुए नजर आए। कहीं पर बुजुर्गों को सड़क पार करवाते हुए तो कहीं पर बुजुर्गों को व्हीलचेयर पर बिठाकर माता के दरबार में पुलिस कर्मचारियों द्वारा ले जाया गया। नवरात्र मेला शांतिपूर्वक संपन्न होने पर पुलिस और जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है।*

# ओलंपियन पहलवान दीपक ने निलौठी की शिवानी को पहनाई रिंग, पिता के दोस्त की बेटी से रिश्ता

**बहादुरगढ़।** हरियाणा की मिट्टी से निकलकर भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले ओलंपियन पहलवान दीपक पूनिया अब शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। रविवार को बहादुरगढ़ के एक होटल में उनकी रिंग सेरेमनी संपन्न हुई, जिसमें पहलवानी जगत की दिग्गज हस्तियों ने शिरकत कर इस खास मौके को यादगार बना दिया। गांव छारा के निवासी दीपक पूनिया ने झज्जर जिले के ही निलोठी गांव की शिवानी को अंगूठी पहनाकर जीवनभर का साथी बनाने का वादा किया। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत, रवि दहिया, महाबली सतपाल पहलवान, कोच वीरेंद्र आर्य और वीरेंद्र सिंह समेत कई नामचीन चेहरे मौजूद रहे। दीपक की मंगेतर शिवानी 23 साल की हैं और फिलहाल पढ़ाई कर रही हैं। उनके पिता अनूप खेती-बाड़ी और प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़े हैं। दोस्ती, पारिवारिक रिश्तों की गहराई को आगे बढ़ाते हुए दोनों परिवारों ने यह रिश्ता तय किया है।

### पिता बोले-जल्द शादी की तिथि तय करेंगे





शादी की तारीख अभी निश्चित नहीं हुई है, लेकिन दीपक के पिता सुभाष पूनिया का कहना है कि जल्द ही दोनों परिवारों की सहमति से तारीख भी घोषित की जाएगी। गत 19 मई 1999 को झज्जर के छारा गांव में जन्मे दीपक बचपन से ही दंगलों के माहौल में पले-बढ़े। पिता सुभाष स्थानीय स्तर पर पहलवान रहे और महज पांच साल की उम्र में दीपक को छारा स्थित अखाड़े में दाखिल कराया गया। कोच वीरेंद्र आर्य की देखरेख में उन्होंने कुश्ती की बारीकियां सीखीं। परंपरागत मिट्टी के दंगलों से निकलकर दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम तक का सफर तय करते हुए दीपक ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का परचम लहराया। टोक्यो ओलंपिक 2021 में दीपक मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गए थे और पांचवें स्थान पर रहे। यह हार उनके लिए भावुक पल था, क्योंकि कुछ ही समय पहले उन्होंने अपनी मां को खोया था और वह पदक उन्हें समर्पित करना चाहते थे।

### बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था सोना

हालांकि इस असफलता ने उन्हें और मजबूत किया। एक साल बाद 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। अर्जुन अवॉर्डी दीपक कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। फिलहाल दीपक दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हुए हैं। पिता सुभाष रोजाना दूध भेजते हैं ताकि अभ्यास में कोई कमी न रहे। अब शादी के इस नए पड़ाव के साथ ही देशवासियों को उम्मीद है कि दीपक आने वाले समय में भी देश के लिए शानदार प्रदर्शन करेंगे।



# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।


लाइफ Style

# हुमा
## अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल


**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की



पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...


*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है।



दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।

# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज़ (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप


झज्जर। स्कूल के आसपास गलियों की सफाई करते हुए स्वयंसेवक।

### सफाई अभियान चलाकर किया श्रमदान

**झज्जर।** महर्षि दयानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुड्डन की एनएसएस इकाई द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर व आस पास की गलियों की साफ-सफाई करने उपरांत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। स्वयंसेवकों ने पौधों की देखभाल की शपथ लेते हुए लोगों में पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। एनएसएस यूनिट अधिकारी डॉक्टर राजबीर सहवाग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा और समर्पण ही जीवन का सच्चा उद्देश्य है। इस प्रकार के सेवा भाव कार्य हमें न केवल अपने समाज और देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देते हैं।

### माता रानी के दरबार को विशेष रूप से सजाया गया

# दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं का पूजन किया

**भक्तों ने कन्याओं से आशीर्वाद लेकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की**


बहादुरगढ़। एक घर में किया जा रहा कन्याओं का पूजन। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। कन्या पूजन के उपरांत भोजन करते हुए कंजकें। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार को दुर्गाष्टमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोग लगाया गया और उपहार भेंट किए गए। भक्तों ने कन्याओं से आशीर्वाद लेकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह और शाम के समय मंदिरों में विशेष रौनक देखने को मिली। देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और घंटों तक पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन चलता रहा। अष्टमी के दिन अनेक श्रद्धालुओं ने व्रत खोला और घरों में विशेष व्यंजन बनाकर माता रानी को अर्पित किए। परंपरा के अनुसार, घरों में कढ़ाई चढ़ाई गई और श्रद्धालु सुबह से ही कन्याओं की तलाश में निकले रहे। हालांकि कई क्षेत्रों में कन्याओं की कमी भी महसूस की गई। इसके बावजूद लोगों ने आसपास से कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें पूजकर अपने धार्मिक दायित्व पूरे किए। मंदिरों में भी कन्या पूजन के बड़े कार्यक्रम हुए। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से देवी की महिमा का बखान किया गया और भक्तों ने माता के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। दुर्गाष्टमी के अवसर पर माता रानी के दरबार को विशेष रूप से सजाया गया। जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए, जिनमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अब श्रद्धालु बुधवार को दुर्गा नवमी के अवसर पर भी कन्या पूजन कर धर्म परायणता की परंपरा को निभाएंगे।

#### महागौरी का पूजन कर कन्याओं को करवाया भोजन

**झज्जर।** शहर में श्रद्धालुओं ने श्री दुर्गा अष्टमी पर्व को बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया। नवरात्र में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने महागौरी की पूजा अर्चना कर अपना व्रत खोला। वहीं मंदिरों में माता की पूजा अर्चना की गई। मां के जयकारों से मंदिर गूंजते रहे। लोगों ने कन्याओं को देवी का रूप मानकर उन्हें भोजन कराने के उपरांत उपहार भेट किए। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि नवरात्र में नौ देवियों की पूजा का विधान है। नवरात्र में श्रद्धापूर्वक दान, व्रत करने से मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मनोकामना भी पूर्ण होती है। कन्या पूजन ही साक्षात मां की पूजा है।

#### कन्या पूजन के लिए करना पड़ा इंतजार

अष्टमी के दिन शहर में समाज का एक अलग ही रुप देखने को मिला। गलियों, मौहल्लों में करीब दस बजे तक लोग नंगे पैर अपने परिवार सहित इधर-उधर घूमते हुए दिखाई दिए। जिस घर में कन्याओं का पूजन किया जा रहा था, उसके बाहर अन्य परिवारों के तीन-चार सदस्य कन्याओं को अपने घर लेने जाने का इंतजार कर रहे थे। स्थिति यह रही कि कन्याओं को भोजन कराने के लिए श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने नवरात्र के व्रत को कन्याओं के पूजन के साथ खोला और प्रसाद ग्रहण किया।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक गतिविधि कमेटी प्रभारी डॉक्टर ओमपति ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, पेंटिंग व बेस्ट आउट वेस्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने की। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर सोनू रानी, डॉक्टर राकेश कुमार व डॉक्टर सुमन ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में पोस्टर मेकिंग में प्रिंसी ने पहला, आरती ने दूसरा व पूजा ने तीसरा स्थान हासिल किया। मेहंदी प्रतियोगिता में नैंसी पहले, आरती दूसरे व प्रियंका तीसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार पेंटिंग प्रतियोगिता में हिमांशी, सानिया व हिमेश मेहरा तथा स्लोगन राइटिंग में अर्चना, प्रिंसी व आरती क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं।

## श्रद्धालुओं ने किया श्री हनुमान चालीसा पाठ



**झज्जर।** स्थानीय किला कालोनी स्थित आनंद आश्रम में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आश्रम महंत अजय दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस पाठ का शुभारंभ भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के परम भक्त हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत अजय दास ने कहा कि हनुमान के भक्तों को अपनी पूजा-अर्चना में उनके आराध्य प्रभु श्रीराम के नाम का भी सिमरन करना चाहिए। क्योंकि भजनों में भी कहा गया है कि खुश होंगे हनुमान, राम-राम किए जा। इस मौके पर रजनीश, राजेंद्र, कालू, उमाशंकर वर्मा, दयानंद, अमित पंछी, सतबीर, चेतराम, चिंटू सक्सेना, हिमांशु सोलंकी, योगेश, समुंद्र, अंकित, अनिल, मास्टर महेश, रोशनी देवी, अनीता व नान्ही देवी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# छात्रों को दसवीं के बाद उपलब्ध विकल्पों की दी जानकारी


बहादुरगढ़। विद्यालय की ओर से किया जा रहा समीर राठी का स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

त्रिवेणी स्कूल में मंगलवार को करियर काउंसलिंग और मोटिवेशनल सत्र आयोजित हुआ। जिसमें देश के ख्याति प्राप्त शिक्षा प्रशिक्षक और करियर काउंसलर समीर राठी ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से आने वाले समीर राठी ने उन्होंने 10वीं के बाद उपलब्ध विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी। शैक्षिक स्तर पर 11वीं, 12वीं, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा, आईटीआई और वोकेशनल कोर्सेज को बेहतर विकल्प बताया। व्यावसायिक क्षेत्र में डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, फोटोग्राफी और फैशन डिजाइनिंग जैसे कोर्स सुझाए। साथ ही कौशल आधारित क्षेत्रों में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा साइंस और साइबर सुरक्षा को उभरते हुए अवसर बताया। कला और रचनात्मकता में रुचि रखने वालों को संगीत, नृत्य, चित्रकला और लेखन को अपनाने की प्रेरणा दी।

> शैक्षिक स्तर पर 11वीं, 12वीं, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा, आईटीआई और वोकेशनल कोर्सेज को बेहतर विकल्प बताया

# शिविर में 150 से अधिक लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच


बहादुरगढ़। शिविर में जांच कराने पहुंचे लोग। फोटो :हरिभूमि

- टीम ने जांच के साथ-साथ संतुलित आहार, व्यायाम, योग, तनाव नियंत्रण और नियमित चेकअप की महत्ता पर जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में वाईआरसी और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। छात्राओं समेत 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। सीएमओ डॉ. जयमाला के नेतृत्व में यूपीएचसी विकास नगर की टीम ने जांच के साथ-साथ संतुलित आहार, व्यायाम, योग, तनाव नियंत्रण और नियमित चेकअप की महत्ता पर जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डर्माटोलॉजिस्ट डॉ. सृष्टि जैन, पीडियाट्रिशियन डॉ. नवीन मलिक, गाइनकॉलोजिस्ट डॉ. सुचित्रा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. राहुल, आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रिया, डॉ. गगन जैन और डॉ. सुंदरम कश्यप समेत फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ, एएनएम व आशा वर्करों ने सहयोग दिया। रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, दंत सहित कई तरह की जांच की गई। अंगदान व रक्तदान के प्रति भी जागरूक किया गया।

#### अच्छा स्वास्थ्य जीवन की धरोहर

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन की धरोहर है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रबंधन समिति के अतिरिक्त उपप्रधान राजपाल शर्मा ने नारी सशक्तिकरण को समाज व राष्ट्र की मजबूती से जोड़ा। वहीं मैनेजर यशपाल गांधी ने छात्राओं को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने किया और वाईआरसी प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

## आईटीआई में लगे शिविर में 100 यूनिट रक्त संचय


बहादुरगढ़। रक्तदाता छात्र को बैज लगाती प्रिंसिपल व अतिथि। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को रेड क्रॉस सोसाइटी झज्जर के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नरेश कौशिक और विशिष्ट अतिथि रेडक्रास सचिव देवेंद्र चहल ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि नरेश कौशिक ने छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया और उन्हें नशा मुक्त, अनुशासित व ऊर्जावान जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रिंसिपल गीता आर सिंह व महिला विंग प्रिंसिपल मायामंती ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वर्ग अनुदेशक देवेंद्र नरवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की, जिसमें महिला विंग की छात्राओं ने भी सक्रिय योगदान दिया। शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में सभी अनुदेशकों व स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कलोई में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत एसीपी अखिल कुमार और एसीपी सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है। इसे मिटाने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, मौहल्ला तथा वार्ड की जिम्मेदारी लेगा और ना ही स्वयं नशा करेगा और ना ही अपने क्षेत्र में नशे को बिकने देगा तभी हम अपने क्षेत्र से नशे को दूर भगाने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि युवा नशे की चपेट में आकर अपराध की तरफ बढ़ रहा है। इसलिए माता-पिता को भी अपने बच्चों की दैनिक गतिविधि पर ध्यान रखना चाहिए और उन्हें शिक्षा खेल-कूद तथा सामाजिक हित की गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

## समारोह में प्राइमरी विंग के विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले दूसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह ने की जबकि मंच संचालन प्राइमरी हेड नीलम कुमारी द्वारा किया गया। इस दौरान मेघा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, राखी मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट स्पर्धाओं के 154 विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया गया। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि सहगामी क्रियाओं से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। इस मौके पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव हेमंत गुलिया, एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों आदि ने विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अतिरिक्त निदेशक ने किया आईटीआई का निरीक्षण

**साफ-सफाई व्यवस्था व विभिन्न व्यवसायों की जांच की**


झज्जर। आईटीआई का निरीक्षण करते हुए अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर सुमित सहरावत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय आईटीआई में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि मंगलवार को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर सुमित सहरावत ने राजकीय आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा, महिला आईटीआई गुढ़ा, राजकीय आईटीआई खुड्डन का दौरा करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था व विभिन्न व्यवसायों की वर्कशॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे प्रशिक्षार्थियों से भी मुखातिब हुए और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के लिए हमें स्किल्ड होना अति आवश्यक है, ताकि हम स्वावलंबन और स्वरोजगार प्राप्त कर सकें।

## आईआईएम के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक दौरा, डीसी से की मुलाकात


झज्जर। आईआईएम रोहतक के विद्यार्थी डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल से चर्चा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** आईआईएम रोहतक के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत जिले का दौरा किया। विद्यार्थियों ने जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर प्रशासनिक व्यवस्था और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मुलाकात की और जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं, प्रशासनिक कार्यप्रणाली, स्वच्छता अभियान और ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। डीसी ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर आमजन तक पहुंचाया जाता है और किस प्रकार प्रशासन स्वच्छता और जनजागरूकता अभियानों को आगे बढ़ा रहा है।

## पुलिस आयुक्त ने माता भीमेश्वरी देवी के किए दर्शन


झज्जर। माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन के लिए जाते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** धर्मनगरी बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में अष्टमी पर लगने वाले मुख्य मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने मेला परिसर का दौरा किया। उन्होंने माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन करते हुए सर्वमंगल की कामना की। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में पुलिस अलर्ट है। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है। मेला परिसर की सुरक्षा के लिए सात सौ पुलिस के जवानों के अलावा पांच एसीपी और एक डीसीपी की भी तैनाती की गई है।

### यह उत्सव विद्यार्थियों को देश की संस्कृति से रूबरू कराने का अवसर

# नवरात्र उत्सव में छात्रों व शिक्षकों ने किया डांडिया नृत्य

**नवरात्र उत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की**


झज्जर। नवरात्र उत्सव में डांडिया नृत्य करती शिक्षिकाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए स्कूल में नवरात्रों के उपलक्ष्य में स्कूल स्टाफ सदस्यों ने मिलकर डांडिया नृत्य में भाग लिया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि नवरात्र उत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने कहा कि यह उत्सव विद्यार्थियों को देश की संस्कृति से रूबरू कराने का अवसर होता है। पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति बारे भी जानना आवश्यक है। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया, स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, म्यूजिक टीचर जितेंद्र कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## बच्चों ने माता के चरणों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया



**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष्य में प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्री-नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में देवी स्वरूप प्रस्तुत किए। नर्सरी के बच्चों ने माता के चरणों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। केजी कक्षा की छात्राओं ने डांडिया नृत्य तथा दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने श्लोक पाठ प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एक्टिविटी इंचार्ज तुशिका, ज्योति यादव, शीला, संगीता, प्रियंका, आंचल, कविता, निधि सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## किसान के परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग

**बहादुरगढ़।** फसल बर्बाद होने के बाद किसान द्वारा फांसी लगाने की घटना पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने दुख जताया है। संगठन ने सरकार से परिवार की मदद करने की मांग भी की है।ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडोठी का कहना है कि हाल ही में गांव मुंडाहेडा के किसान सूबेसिंह ने जलभराव से दस एकड़ धान की फसल बर्बाद होने पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। दस एकड़ में से छह एकड़ उसने रेंट अर्थात मालभाड़े पर ले रखी थी। फसल पर उसका खर्च भी काफ़ी हो चुका था। कई लाख के नुकसान को वो झेल नहीं पाया और उसे कर्ज जाल से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं सूझा। हमारा संगठन किसान सूबेसिंह की मौत पर गहरा दुःख प्रकट करता है और हरियाणा सरकार से मांग करता है कि इस पीड़ित परिवार को कम से कम 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। ख़रीफ़ की फसल तो गल गई, वहीं अगली फ़सल की भी कोई संभावना नहीं है। हर खेत से पानी की निकासी का कार्य जल्द से जल्द कराया जाए ताकि अगली फ़सल की बुवाई हो सके। बर्बाद फसल का कम से कम 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए।

## खबर संक्षेप



### स्कूल में फैली अव्यवस्था पर नाराजगी जताई

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने मंगलवार को नयागांव के सरकारी विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां की अव्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि विद्यालय के मुख्य द्वार से सटी दीवार कई महीनों से टूटी हुई है। बच्चों के लिए लगाया गया वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे विद्यार्थियों को पीने के पानी की परेशानी हो रही है। स्कूल मैदान और मुख्य द्वार के पास गंदगी का ढेर लगा हुआ है।



### 126 लोगों की आंखें जांची, 84 को दिए चश्में

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा पीएचसी में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 126 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच कराई। इस दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु के 84 मरीजों को चश्में वितरित किए गए। दवाएं भी दी गईं। डॉ. संजीव कुक्कल ने लोगों को अपनी सेहत का ख्याल रखने को कहा।

### युवा जानकारी के लिए डिजिटल पोर्टलों से जुड़ें

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि युवा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पोर्टलों से जुड़कर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अब सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए पारंपरिक माध्यमों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं जो योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ नीति निर्माण और संवाद का अवसर प्रदान करते हैं।

# वानर सेना ने याद दिलाई शक्ति, हनुमान जी पहुंचे लंका, उजाड़ी अशोक वाटिका

## माता सीता की खोज में निकली वानर सेना समुद्र तट पर पहुंची

■ श्री प्राचीन रामलीला मैदान में दिन में किया जाता है मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दिन के समय श्री प्राचीन रामलीला मैदान में मंगलवार को वानर सेना का माता सीता की खोज में निकलना, समुंदतट पर हनुमान जी को उनकी शक्ति याद दिलाना, हनुमान जी द्वारा समुंद्र पार करके लंका पहुंचना तथा अशोक वाटिका में बैठी माता सीता से भेंट करते हुए उन्हें प्रभु श्रीराम का संदेश देने व अशोक वाटिका उजाड़ने के दृश्यों का मंचन किया गया।

श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा कराए जा रहे रामलीला मंचन की शुरूआत महाराज सुग्रीव के दरबार से होती है जो श्रीराम से किया गया सीता माता को खोजने के वादे को भूलकर राजसी सुख का आनंद लेते हुए दिखाई देते हैं। इसके बाद जब लक्ष्मण दरबार में पहुंचते हैं तो उन्हें श्रीरामचंद्र जी से किया गया वादा याद आता है तथा वे वानर सेना को सीता जी की खोज में चारों दिशाओं में भेजते हैं। इस दौरान जब हनुमान जी अपनी टुकड़ी के साथ रवाना होते हैं श्रीराम उन्हें एक अंगूठी देकर कहते हैं कि यदि उसे सीता मिले तो उसे यह अंगूठी दिखा देना इससे उसे विश्वास हो जाएगा। इसके बाद हनुमान की वानर सेना एक समुंद्र किनारे जाकर रुकती हैं जहां उन्हें गिद्धराज जटायू का बड़ा भाई संपाती समुंद्र पार सौ योजन दूर लंका की अशोक वाटिका में बैठी माता सीता का पता बताते हैं।

इसके बाद जब कोई भी समुंद्र पार करने का साहस नहीं जुटा पाता तो जाबवंत और सेना सदस्य हनुमान जी को उनकी शक्ति का एहसास कराते हैं जिसके बाद हनुमान जी पवन वेग द्वारा लंका पहुंचते हैं तथा सीता माता को अंगूठी दिखाते हुए प्रभु श्रीराम का संदेश देते हैं। उसके बाद जब वह वाटिका में लगे फल खाने की अनुमति लेते हैं तो सीता जी उन्हें चोरी छिपे फल खाने की बात कहती है। हनुमान जी पेड़ से फल तोड़ कर खाने लगते हैं परहेदारी कर रहे राक्षस उन्हें देख लेते हैं और इसके बाद हनुमान जी पेड़ उखाड़ कर उन पर प्रहार करते हैं। जिस कारण पूरी अशोक वाटिका उजड़ जाती है। राक्षसों के साथ इस युद्ध में लंकापति रावण का छोटा पुत्र अक्षय कुमार भी मारा जाता है।





झज्जर। प्राचीन रामलीला मैदान में मंचन के दौरान अशोक वाटिका में बैठी माता सीता और शबरी की कुटिया पहुंच कर उसके दिए झूठे बेर खाते हुए श्रीरामचंद्र जी।

### शबरी की कुटिया पहुंचे श्रीराम एवं लक्ष्मण

रात्रि में होने वाली रामलीलाओं में सोमवार की रात सीता हरण, रावण एवं जटायु के बीच युद्ध, सीता जी की तलाश में घूमते हुए श्रीराम द्वारा लक्ष्मण के साथ शबरी की कुटिया में पहुंचकर उसके झूठे बेर खाने की कथा तक के दृश्यों का मंचन किया गया।



झज्जर। दशहरा उत्सव में दहन के लिए तैयार किए जा रहे रावण व मेघनाथ के पुतले।

## दुजाना में दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियों में जुटे श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, 35 फुट होगी ऊंचाई

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दुजाना में अबकी बार दशहरा पर्व नए स्थान पर मनाया जाएगा। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के उपप्रधान संजय सहगल ने बताया कि वीरवार को गांव के बेरी रोड स्थित फिरनी के दो एकड़ क्षेत्र में रावण दहन होगा। पहले के वर्षों में गांव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में यह उत्सव मनाया जाता था लेकिन अब विद्यालय परिसर में जलभराव होने के कारण आयोजन स्थल को बदलना पड़ा है। स्थान परिवर्तन के बावजूद ग्रामीणों का उत्साह चरम पर है। ट्रस्ट प्रधान किशनचंद बग्गा की अध्यक्षता में मनाए जाने वाले इस दशहरा उत्सव के लिए जहां 35 फुट ऊंचा लंकापति रावण का पुतला रोहतक से तैयार कराया गया है वहीं कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले भी 30-30 फुट ऊंचे रहेंगे। उन्होंने बताया कि गांव में इन दिनों हनुमानजी की पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का दौर भी जारी है।

# त्रिवेणी मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने किया रामलीला का मंचन, खूब बटोरी वाहवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बराही रोड पर स्थित त्रिवेणी मेमोरियल स्कूल में दशहरे के शुभावसर पर रामलीला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रभावशाली ढंग से भाषण और कविता का प्रस्तुतिकरण किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा रामलीला का नाटक रहा। जिसमें बच्चों ने भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का सजीव मंचन किया, जिसे वहां उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही रोल प्ले फैन्सी ड्रेस में विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न पात्रों का जीवंत रूप प्रदर्शित किया। शास्त्रीय नृत्य ने कार्यक्रम को अधिक आकर्षक बना दिया। कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों ने रामायण के श्लोक का वाचन किया। विद्यार्थियों के लिए रामलीला आधारित क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की उप निदेशिका सुमित्रा महला ने कहा कि रामायण हमारे भारतीय संस्कृति और मूल्यों का जीवंत चित्रण है। प्रिंसिपल अनिल कुमार, निदेशिका संगीता वर्मा भी अपने विचार रखे।

■ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा रामलीला का नाटक रहा

# संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल में आठवीं के विद्यार्थियों ने बाल रामलीला का किया मंचन

■ संस्कारम् ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि रामायण हमें पारिवारिक कर्त्तव्यों का पालन करने की सीख देती है।



झज्जर। रामलीला मंचन के दौरान रामायण के पात्रों की भूमिका में उपस्थित विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में मंगलवार को बाल रामलीला का आयोजन किया गया। पहली से आठवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा किए गए रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम के संपूर्ण जीवन को दर्शाया गया। इस दौरान रामजन्म, गुरुकुल, दशरथ दरबार, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, राम वनवास, श्रीराम एवं सुग्रीव मित्रता आदि दृश्यों का मंचन किया गया। रंग-बिरंगी पोशाकों में रामायण के विभिन्न पात्रों की भूमिका निभा कर विद्यार्थियों ने समां बांधा। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने विद्यार्थियों को बताया कि श्रीराम को धर्म, सत्य और न्याय का प्रतीक माना गया है। यह महाकाव्य जहां हमें एक आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है वहीं जीवन की कठिनाइयों का सामना करने और बुराई पर अच्छाई की जीत पाने के लिए भी प्रेरित करता है। संस्कारम् ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण हमें पारिवारिक कर्त्तव्यों का पालन करने, गुरु का सम्मान करने, बड़े-छोटों के प्रति समान व्यवहार की प्रेरणा देती है।

# डीएवी स्कूल में नन्हे-मुन्ने छात्रों ने रामलीला का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-6 में स्थित डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज की परंपरा के अनुसार 29 अक्टूबर तक चलने वाले वैदिक संस्कार पुण्यमास का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन किया गया और दशहरा पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने आर्य समाज के सदस्यों संग दीप प्रज्ज्वलित कर की।

इसके बाद नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मिलकर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। रामायण आधारित झांकियां और नाटकों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। मंच संचालन का दायित्व शिवांगी, धारणा और प्रेम ने निभाया।



मुख्य आकर्षण नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रामलीला रही, जिसमें राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण के पात्रों का सजीव मंचन किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज के ब्रह्मजीत छिकारा, कर्नल सहरावत, जयपाल दहिया, बिजेंद्र खोखर, सतपाल वत्स, संतलाल मलिक, सुखरम पाल, राजसिंह सहित विद्यालय के छात्र, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

# सेवानिवृत्ति पर प्रिंसिपल मूर्ति देवी को दी विदाई



बहादुरगढ़। सेवानिवृत्त प्रिंसिपल को उपहार भेंट करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोलधा की प्रिंसिपल मूर्ति देवी मंगलवार को शिक्षा विभाग में 28 वर्षों की सेवाएं पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो गईं।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मूर्ति देवी ने वर्ष 1997 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका के रूप में अपनी सेवा यात्रा शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने बहादुरगढ़ ब्लॉक के जसोरखेड़ी, कसार, कानोंदा, लुकसर और परनाला के विद्यालयों में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष-2023 में पदोन्नत होकर उन्होंने सोलधा विद्यालय में प्रिंसिपल का कार्यभार संभाला और सेवानिवृत्ति तक यहां सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल में उन्होंने विद्यालय में नए भवन, प्रयोगशाला, कंप्यूटर शाला और पुस्तकालय कक्ष का आधुनिकीकरण कर संस्थान को नई दिशा दी।

इस मौके पर विद्यालय स्टाफ ने उन्हें स्मृति चिह्न और उपहार भेंट कर उनके स्वस्थ, समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना और खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने फोन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक शिक्षक व प्रशासक के रूप में मूर्ति देवी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा।

### समारोह में ये रहे मौजूद

समारोह में सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी मदन चौपड़ा, भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक सतीश शर्मा, जेई विजय शर्मा, सरपंच लक्ष्मी देवी, प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा, ऋषि सहरावत, कर्मबीर तहलान, डॉ. कप्तान सिंह, सेवानिवृत प्रिंसिपल सुरेश सैनी, संगीता वर्मा, प्रिंसिपल अंजू शर्मा, सरोज, प्राध्यापक मुकेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छात्रों ने किया कंपनी का दौरा



■ मशीनों और काम करने की प्रक्रिया की जानकारी दी

**बहादुरगढ़।** आईटीआई जहांगीरपुर के छात्रों को नोडल आफिसर जीतपाल के मार्गदर्शन में जेवीएस कंपनी की विजिट कराई गई। इस दौरान बच्चों के साथ इंचार्ज रवींद्र मल्हान, वर्ग अनुदेशक मोहनलाल, अनुदेशक बलराज आदि भी रहे। विजिट के दौरान बच्चों को मशीनों और काम करने की प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी दी गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को विपक्ष का नेता और राव नरेंद्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विपक्ष का नेता और राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की। कांग्रेसी नेता नरेश जून ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर इस फैसले का स्वागत किया। नरेश जून ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा 36 बिरादरी का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता हैं और यह पूरे हरियाणा की आवाज थी कि उन्हें विपक्ष का नेता बनाया जाए। उन्होंने भरोसा जताया कि हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और वे भाजपा की नीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएंगे। राव नरेंद्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को नई दिशा मिलेगी। राव नरेंद्र का लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पण और संघर्ष रहा है, जिसे देखते हुए केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

## राहुल गांधी को धमकी देने पर कांग्रेसियों में नाराजगी

**बहादुरगढ़।** राहुल गांधी को धमकी देने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। यहां बहादुरगढ़ में मंगलवार को यूथ कांग्रेस की ओर से सेक्टर-6 थाने में भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेव के खिलाफ शिकायत दी गई। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस हरियाणा प्रदेश महासचिव सिकंदर, सुनील राठी, अविनाश आदि भी मौजूद रहे। युवा कांग्रेसियों ने कहा कि पिंटू महादेव के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



### पूर्व विधायक ने भूपेंद्र हुड्डा व राव को दी बधाई



चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून।

बहादुरगढ़। कांग्रेस से पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने हरियाणा की राजनीति से जुड़े दो बड़े निर्णयों पर खुशी जताई है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। साथ ही हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र को भी शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक जून ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान का यह फैसला प्रदेश की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

### राहुल गांधी को धमकी देने वाले के खिलाफ एफआईआर की मांग

**बहादुरगढ़।** स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव, झज्जर जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप दहिया, बहादुरगढ़ हलका अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा, शहरी अध्यक्ष पंकज फोगाट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान और युवा कांग्रेस नेता वरुण राठी ने संयुक्त रूप से पुलिस आयुक्त को शिकायत सौंपी। कांग्रेसियों का आरोप है कि महादेव ने केरल में एक न्यूज चैनल पर लाइव बहस के दौरान राहुल गांधी को मारने की धमकी दी। यह महज राजनीतिक बयानबाजी नहीं बल्कि विपक्ष के शीर्ष नेता राहुल गांधी की हत्या के लिए सीधा उकसावा है। राहुल गांधी पहले से ही उच्च सुरक्षा जोखिम में हैं और सीआरपीएफ कई बार अलर्ट जारी कर चुकी है। ऐसे में भाजपा के आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा इस तरह का बयान देना लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। इस मामले में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस को मिलेगी मजबूती, कार्यकर्ताओं का बढ़ा उत्साह



झज्जर। विक्रम कादियान, कांग्रेस नेता

**झज्जर।** भूपेंद्र सिंह हुड्डा जमीन से जुड़े हुए नेता है। उनकी सबसे बड़ी संपत्ति उनका जन समर्थन है। वे हमेशा जनता के बीच में रहकर सामाजिक और विकासात्मक कार्यों के लिए सक्रिय रहते है। उनका नेता प्रतिपक्ष बनाए जाना कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम करेगा। शीर्ष नेतृत्व के इस मास्टर स्ट्रोक से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। यह बात कांग्रेस नेता विक्रम कादियान ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनने पर बधाई देते हुए जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि जब 1991 में कांग्रेस की भूमिका हरियाणा विकास पार्टी और इनेलो से कम होकर तीसरे नंबर पर चली गई थी, तब भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस की कमान संभालते हुए उसे जमीन से जोड़ा तथा लंबा संघर्ष करके 2005 में कांग्रेस को हरियाणा में बल्कि देश में पुनः स्थापित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि गंगापुत्र हुड्डा ने अपने शासनकाल में बिजली, पानी, शिक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं देकर हरियाणा को विकास के मामले में नंबर एक पर ला दिया था। आज हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही कांग्रेस की एकमात्र पहचान है। इसलिए उनका विधायक दल का नेता बनना कांग्रेस के भविष्य के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा शीर्ष नेतृत्व का भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधायक दल का नेता तथा राव नरेंद्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर आभार जताया।